डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अखबार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 36 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 18 नवम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया






## विवाह समारोह : रायल शादियों का ट्रेंड बढ़ा

### थीम आधारित डेकोरेशन, भोजन में जुड़ी इटालियन-चाइनीस डिश

**मंदसौर, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** देवउठनी एकादशी 12 नवंबर से शादियों का सीजन शुरू हो गया है। इस बार नवंबर और दिसंबर में विवाह के 20 मुहूर्त हैं, जो 16 नवंबर से 15 दिसंबर तक रहेंगे। कम तिथियों में अधिक शादियां होने से बैंड-घोड़े और मैरिज गार्डन पूरी तरह से बुक है। इधर शहर में शादियों का ट्रेंड भी बदला है। विवाह समारोह अब पहले से ज्यादा रॉयल हो रहे हैं। डेकोरेशन से लेकर खान-पान में काफी बदलाव आया है। खाने में अब निमाड़ी, चाइनीज, पंजाबी, राजस्थानी व्यंजनों के साथ इटालियन डिश का चलन तेजी से बढ़ा है। थीम आधारित डेकोरेशन में विवाह स्थल की साज-सज्जा के साथ ही सबसे ज्यादा खर्च स्टेज और दूल्हा-दुल्हन की एंट्री पर होने लगा है। दूल्हा-दुल्हन की एंट्री शाही अंदाज में रथ के साथ ही मिरर एंट्री को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। शहर में वर-वधु पक्ष इसके लिए 50 हजार से लेकर 5 लाख रुपए तक खर्च कर रहे हैं।

देव प्रबोधिनी एकादशी के बाद नवंबर में 16 से 17, 18, 22, 23, 24, 25, 26, 28 और 29 तारीख विवाह के लिए शुभ मानी गई है। वहीं दिसंबर में 2, 3, 4, 5, 9, 10, 11, 13, 14 और 15 तारीख विवाह व मांगलिक कार्य के लिए शुभ है। इस बार सूर्य के तुला से वृश्चिक राशि में पहुंचने में समय लगेगा। इसलिए शादी के मुहूर्त के लिए लोगों को 16 नवंबर तक का इंतजार करना पड़ा। तुला राशि में सूर्य नीच स्थित में होते हैं, इसलिए विवाह नहीं होते। इस बार देव उठनी एकादशी पर शादी का मुहूर्त नहीं था। सनातनी परंपरानुसार सूर्य के तुला राशि में होने पर शादियां नहीं होती। वहीं आगामी वर्ष 2025 में जुलाई से अक्टूबर तक विवाह मुहूर्त नहीं रहेंगे। वर्ष 2025 में जनवरी से जून तक विवाह मुहूर्त रहेंगे। लेकिन, जुलाई से अक्टूबर तक 4 माह विवाह नहीं होंगे। इसकी वजह यह है कि 10 जुलाई तक गुरु अस्त रहेंगे।

# पानी की राह में चीतों का रोड़ा..?

## पाइप लाइन को लेकर देरी, मार्च तक प्यास बुझा पाएंगा गांधी सागर

**मंदसौर, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** गांधी सागर समूह नलजल योजना के तहत दिसंबर तक लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने का वादा शायद धरातल पर नहीं उतर पाए। अगले साल मार्च तक ही लोगों के घरों तक गांधी सागर का पानी पहुंचेगा। इस योजना में देरी का कारण है चीता प्रोजेक्ट। मंदसौर-नीमच जिले के लिए तैयार की गई योजना में डेढ़ सौ किमी से ज्यादा पाइप लाइन जावद व मनासा फॉरेस्ट में है। पाइप लाइन डालने की अनुमति के चलते काम प्रभावित हुआ है।

केंद्र और राज्य सरकार ने 1400 करोड़ रुपए की गांधीसागर समूह नलजल योजना स्वीकृत की। इसका काम दिसंबर तक पूरा करके घर-घर पानी पहुंचाना था। लेकिन अभी 5 माह और जनता को पानी के लिए इंतजार करना होगा।। योजना में पाइप लाइन डालने का काम तेज गति से हुआ। लेकिन, इंटकवेल का काम चीता प्रोजेक्ट आने से शुरू नहीं हो पाया था। अभी 157 किमी एरिया जावद व मनासा फॉरेस्ट में होने से पाइप लाइन डालने की अनुमति नहीं मिलने के चलते काम नहीं हो पाया। योजना में दोनों ही जिलों में अभी तक 550 किमी लाइन बिछाई है। 800 किमी लाइन डालना बाकी है। जल निगम का दावा है कि दिसंबर अंत तक पानी देना शुरू कर देंगे। लेकिन वर्तमान स्थिति देखकर ये दावे भी खोखले ही नजर आ रहे हैं।

### 915 गांवों की प्यास बुझाने की योजना...

गांधीसागर नलजल समूह पेयजल योजना 2.0 के तहत 1400 करोड़ रुपए से नीमच-मंदसौर जिले के 915 गांवों में घर-घर नल से पानी पहुंचाने के लिए ढाई साल पहले प्रोजेक्ट स्वीकृत हुआ। दिलीप बिल्डकॉन का टेंडर हुआ। योजना में नीमच जिले के 696 और मंदसौर जिले के 269 गांवों को शामिल किया। अनुबंध के अनुसार निर्माण एजेंसी को दिसंबर 2024 तक काम पूरा कर पानी की सप्लाई शुरू करनी थी।

### शुरुआत में धीमी गति, अब चीता प्रोजेक्ट...

शुरुआती दौर में ठेकेदार के काम धीमी गति से करने के कारण देरी हुई। इसके बाद इंटकवेल के लिए जो जमीन चिह्नित की थी, उस पर चीता प्रोजेक्ट आने के कारण काम शुरू नहीं हो पाया। अब उसे नीमच के सालरमाला में बनाया जा रहा है। इसके बाद भी मनासा क्षेत्र के बुज व बेसला वन क्षेत्र व जावद विधानसभा के अठाना व रतनगढ़ वन क्षेत्र में 157 किमी वन क्षेत्र की जमीन से पाइप लाइन निकाली जाना है। इसमें दोनों विधानसभा के वन क्षेत्र में 10 टुकड़ों में 7.7 हेक्टेयर वन क्षेत्र में पाइप लाइन डाली जाना है। इसके लिए अभी तक शासन से अनुमति नहीं मिल पाई है। ऐसे में दिसंबर तक पानी मिलने की कोई संभावना नहीं है।



### अस्थायी इंटकवेल का काम भी किया जा रहा...

रामपुरा के सालरमाला गांव में गांधीसागर डेम के बैंक वाटर में पानी के किनारे से एक किमी अंदर इंटकवेल का काम चल रहा है। वहां तक पहुंचने के लिए पुल निर्माण भी जारी है। पास ही एक अस्थायी इंटकवेल का काम भी किया जा रहा है, जिससे कि टेस्टिंग की जा सके। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जल क्वार्टर ट्रीटमेंट (शोधन यंत्र) का काम 90 प्रतिशत और ब्रिज का काम 50 प्रतिशत हो चुका है।



# पर्यटन स्थलों में बदले जाएंगे मप्र के तालाब, 28 बनकर तैयार, 20 पर चल रहा काम

**104 करोड़ से ज्यादा का बजट आवंटित**

**भोपाल, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के शहरों में मौजूद तालाबों को अब पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित किया जाएगा। सीएम मोहन यादव ने शनिवार को राज्य में शहरी तालाबों के सौंदर्यीकरण और उन्हें प्रमुख पर्यटक आकर्षण के रूप में विकसित करने की सरकार की योजना का ऐलान किया है।

इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शहरी विकास और आवास विभाग शहरी क्षेत्रों में झीलों और तालाबों के संरक्षण और संवर्धन पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। पूरे राज्य में 41 शहरी निकायों में 48 तालाबों को बहाल करने और बदलने के लिए 104.46 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है।

### 28 का काम पूरा, 20 पर बाकी...

सौंदर्यीकरण प्रयासों के अलावा, सरकार चयनित तालाबों को संरक्षित करने, सतही पेयजल स्रोत बनाने और उन्हें पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बना रही है। 28 तालाबों पर काम पहले ही पूरा हो चुका है। जबकि, शेष 20 तालाबों पर काम चल रहा है। विभाग ने वर्ष 2025-26 से शुरू होने वाले अगले तीन वर्षों में अतिरिक्त 50 करोड़ रुपये के वित्तपोषण का भी प्रस्ताव दिया है।

### सत्ता के प्रति भारत का दृष्टिकोण अलग...

एक अन्य कार्यक्रम में सीएम यादव ने भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने शांति और अहिंसा के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। शनिवार को नीलबड़ स्थित ब्रह्माकुमारीज सुख शांति भवन में आयोजित वैश्विक शिखर सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत का सत्ता के प्रति दृष्टिकोण उसे अलग करता है, क्योंकि उसने कभी अन्य देशों पर आक्रमण या शोषण नहीं किया।

# सीएम हेल्पलाईन पर हुई शिकायतों को उठवाने की मशक्कत जारी

**मंदसौर, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका के खिलाफ सबसे अधिक सीएम हेल्पलाइन शिकायतें दर्ज है। प्रदेश के सीएम डाक्टर मोहन यादव द्वारा सीएम हेल्प लाईन पर दर्ज शिकायतो को लेकर लगातार सख्ती बताई जा रही है। जिसके बाद अब नगर पालिका भी इन शिकायतो के निपटारे के लिए प्रयास शुरु कर चुकी है।

इसको लेकर नगरपालिका सीएमओ द्वारा रविवार को छुट्टी होने के बाद भी नगरपालिका अधिकारी, कर्मचारियों को नपा कार्यालय में बुलाया गया व सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के लिए शिकायत कर्ता के घर-घर जाकर शिकायत कटवाने के लिए समझाया जा रहा है।



## मामला: ऑनलाइन फर्जीवाड़े के खेल का...

# गणेश के दिमाग ने तैयार की ठग कंपनी..!

**शामगढ़, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर में कॉल सेंटर की आड़ में शेयर मार्केट के नाम पर इन्वेस्टमेंट कराकर ठगी का सेंटर चलाया जा रहा था। विगत दिनों उज्जैन सायबर टीम ने दबिश देकर 18 युवतियो सहित 22 लोगों को गिरफ्तार किया था। जिसमें से सभी 18 युवतियो को जैल भेज दिया था। चार युवको को दो दिन की पुलिस रिमांड मिली थी। उन्हें भी रिमांड अवधि पूर्ण होने पर जैल भेज दिया गया है।

पुलिस यहां कॉल सेंटर चलाने वाले मिनी गोवा मतलब भानपुरा के कंवला के रहने वाले आरोपी कुशल केवट की जानकारी जुटा रही है। कुशल ने ही इन युवतियो को नौकरी पर रखा था। अभी तक माना जा रहा था कि कुशल ही इस खेल का मास्टर माइंड है। लेकिन, पुलिस जांच में पता चला है कि फर्जीवाड़े में असली दिमाग उसके मौसेरे भाई गणेश केवट का होने की बात सामने आ रही है। गणेश साल 2015 से कुशल और कुछ दोस्तों के साथ मिलकर मंदसौर और नीमच में शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर लगातार फ्रॉड करता रहा है। कुशल और गणेश दोनों कंवला गांव के रहने वाले हैं। गणेश और कुशल 12वीं की पढ़ाई करने के बाद वर्ष 2010 में इंदौर चले गए थे। वहां इन्होंने ट्रेडिंग से जुड़ा डिप्लोमा किया। गणेश ने नीमच आकर किसी शेयर मार्केट से जुड़ी कंपनी में करीब 2 साल काम किया। इसके बाद मार्केट और इनवेस्टर्स से जुड़े लूप होल समझकर लोगों के साथ ठगी करनी शुरू कर दी। आज की स्थिति में उनके साथ गांव के करीब 30 से ज्यादा युवक इस तरह के फ्रॉड में शामिल बताए जा रहे हैं!

कंवला गांव के लोगों से बातचीत के दौरान पता चला कि जिन 18 युवतियो को गिरफ्तार किया गया है, उनमें से 3 युवतियां ट्रेनर थी। इन तीनों ने गणेश केवट की कंपनी में शुरुआती काम किया था। इसके बाद वो ठगी करने में ट्रेंड हो गई थी। जब गणेश के मौसेरे भाई कुशल केवट ने शामगढ़ में ठगी के लिए नई कंपनी डायमंड रिसर्च शुरू की तो इन्हें भानपुरा से हर दिन शामगढ़ बुलाया जाता था। इनके लिए बाकायदा स्पेशल कार भेजी जाती थी। कुशल की कंपनी में काम कर चुके गांव के एक युवक ने बताया कि कुशल कंपनी में काम करने वाली युवतियो को ट्रेडिंग ऑफ वाले दिन आसपास की अच्छी जगहों पर पिकनिक पर ले जाता था। महीने में 2 बार 4 दिन तक उनके रहने- खाने और घूमने का इंतजाम करता था। इस युवक ने बताया कि पुरानी घटनाओं से सबक लेते हुए कुशल और गणेश ने तय किया था कि मध्यप्रदेश और राजस्थान के किसी भी व्यक्ति से बात नहीं करना है। वे दूसरे राज्यों के लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। पिछले दस सालों से दोनों ये काम कर रहे हैं।

### इस तरीके से करते थे खेल...

जिन लोगों को ये अपने जाल में फंसाते थे, उन्हें तीन कैटेगरी में बांटा गया था। ये कैटेगरी थीं- सिल्वर, गोल्ड और डायमंड। ये कैटेगरी इन्वेस्टमेंट के हिसाब से तय की गई थी। सबसे ज्यादा ख्याल डायमंड कैटेगरी के ग्राहकों का रखा जाता था। ग्राहकों से टेलीकॉलर कहते थे कि वे रिसर्च के आधार पर ग्राहकों का पैसा गारंटीड रिटर्न वाले शेयरों पर लगाते हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और हर अहम शेयरों में आ रहे उतार-चढ़ाव की पूरी ट्रेनिंग भी इन एक्जीक्यूटिव को दी जाती थी। इन टेलीकॉलर की तनख्वाह 5 हजार रुपए महीने होती थी।

इन्हें गरोठ और इसके आसपास के गांवों से लाने के लिए बाकायदा टैक्सी की व्यवस्था थी। मोबाइल से लोगों को कॉल कर फर्जी इन्वेस्टमेंट कंपनी के नाम पर पैसे लेते थे। इसके बाद जब वह अपना पैसा वापस मांगते थे तो सीम बंद कर लेते थे। सेंटर पर हर रोज 500 लोगों को कॉल किया जाता था। इनमें से उन्हें 7-8 प्रतिशत लोगों से रिस्पॉन्स मिल जाता था। यानी महीने के 1000-1200 सौ ग्राहक।आरोपी लोगों को कंपनी के नाम से संचालित एप पर पूरी डिटेल भरवाते थे, लॉगिन कर पासवर्ड देते थे। इसके बाद खुद का बैंक अकाउंट देते थे और उसमें इन्वेस्टमेंट की रकम जमा करवाते थे। ठगों ने लोगों का भरोसा जीतने के लिए एल्गो ट्रेडिंग के नाम से एक एप बनाया था, जिसमें उनके इन्वेस्टमेंट का पूरा ग्रोथ चार्ट होता था। इससे लोगों को ये भरोसा होता था कि उन्होंने जितना पैसा इन्वेस्ट किया है, उसमें ग्रोथ हो रही है। ये देखकर इन्वेस्टर्स और ज्यादा इन्वेस्ट करते थे।



### पकड़ाने वाले को देंगे 20 हजार रूपए इनाम...

सायबर क्राइम के डीआईजी युसूफ खान ने बताया कि कुशल शामगढ़ में डायमंड रिसर्च कंपनी से पहले इंदौर, राजस्थान के भवानी मंडी और मंदसौर के गरोठ में भी सेंटर चला चुका है। भवानी मंडी में इसके फ्रॉड के बाद किसी ने सुसाइड कर लिया था। इसलिए ये वहां से भागकर गरोठ आ गया था। डीआईजी के मुताबिक, शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट का झांसा देने के अलावा उसने एपीके ऐप के जरिए भी फ्रॉड किया है। कुशल फरार है और उस पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

### दो साल पहले भी गणेश के खिलाफ दर्ज हो चुका मामला...

गणेश के खिलाफ नीमच जिले के मनासा थाने में भी धोखाधड़ी का एक मामला दर्ज है। मनासा टीआई शिवकुमार यादव ने बताया कि गणेश 2022 में प्रॉफिट मार्ट कंपनी चलाता था। मनासा के रहने वाले अंबालाल मीणा ने उसके खिलाफ शिकायत... शेष पेज 4 पर

## गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**नीमच, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** रतनगढ़ थाना पुलिस ने 80 ग्राम गांजा और 9 किलो 470 ग्राम गांजा पत्तियों के साथ 72 साल के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी बीएस गौरे ने बताया कि अभी इलाके में अवैध मादक पदार्थ और तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को मुखबीर से सूचना मिली कि डोराई गांव में गांजे की तस्करी हो रही है। इस पर बंशीलाल धाकड़ के बाड़े में दबिश दी गई। वहां से 72 वर्षीय बंशीलाल को पकड़ा गया। उससे 80 ग्राम गांजा और बाड़े में उगाए गए अवैध गांजे के 9 किलो 470 ग्राम हरे पौधे बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है।

# नए साल के पहले प्रशासनिक सर्जरी की तैयारी तो कांग्रेस पुराने कोऑर्डिनेटरों को समेटने में जुटी

**मंदसौर/उज्जैन, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में सरकार बीजेपी की है, इसलिए पहले भाजपा की सरकार की बात की जाए। सरकार है इसलिए वरना संगठन की बात की जाती। जब से मोहन यादव सरकार प्रदेश में काम कर रही है। तब से शासकीय अधिकारी कर्मचारियों के तबादले देंनंदिनी कार्यों की तरह हो रहे। अब तक प्रदेश में 385 भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों में से 273 तबादला भूगत चुके हैं। जबकि, आम तबादला सिस्टम अभी बंद है। तबादलो पर बेंड खुलना बाकी है, खुल गया तब क्या होगा, जब बंद में यह हालत है। आईएएस अधिकारियों के तबादले सिर्फ मुख्यमंत्री के हस्ते किए जाते हैं, किए भी जा रहे हैं और कभी भी किये जा सकते हैं। क्योंकि, मुख्यमंत्री के लिए कोई सीमा नहीं रहती है।



चन्द्रमोहन भगत

बीते साल भर से सरकार के मंत्रियों का भी अपने विभागीय अधिकारियों से ताल-मेल नहीं बैठ पा रहा है। वह भी इंतजार कर रहे हैं, तबादले करने की छूट मिलने का। सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि अकेले मुख्यमंत्री के किए हुए तबादलों से ही प्रशासनिक अधिकारी विचलित हो चुके हैं। ऐसे में जब मंत्रियो को छूट मिलेगी तब तो पूरा विभाग ही नींव साहित हिल जाएंगे। स्वाभाविक यह भी होगा कि गेहूं के साथ घून भी पीस जाएगा। सूत्रों की माने तो कैबिनेट की बैठक में भी मंत्रियों की अनुपस्थिति इसीलिए बढ़ती जा रही है कि उनसे रिपोर्ट कार्ड तो मांगा जा रहा है, पर मनपसंद अधिकारी रखने नहीं दिया जा रहा है। इसलिए सभी को इंतजार है तबादला नीति की घोषणा का। संभाग व जिले में भी अनेकों विभागो के अधिकारियों के पद डेढ़ दो सालों से रिक्त पड़े है। एक जिले का अधिकारी दो-दो जिलों का प्रभार संभाले हुए हैं। इसमें सबसे ज्यादा असर सहकारिता विभाग की कार्यप्रणाली पर नजर आ रहा है। बीते ढाई सालों से अपेक्स के चुनाव कराए जाने का इंतजार आज भी किया जा रहा है। किन्तु, सरकार और विभागीय मंत्री सुध ही नहीं ले रहे हैं। भाजपा के ही निचले स्तर के पदाधिकारी, कार्यकर्ता भी चुनाव या मनोनयन् का इंतजार कर रहे हैं।

इसके बिल्कुल उलट कांग्रेस संगठन लगातार अपनी घट रही जन साख सुधारने के प्रयासों में असफल होने के बाद अब स्व. राजीव गांधी के समय तैयार की गई कोऑर्डिनेटर की टीम को फिर से समेट कर संगठन को और जन साख को मजबूत बनाने के प्रयास की तैयारी में जुटने जा रही है। दरअसल वर्तमान कांग्रेस संगठन में भाजपा स्लीपर सेल की तादाद लगातार बढ़ती जा रही है। इतनी की राष्ट्रीय और प्रादेशिक संगठनों में प्रमुख पदों पर आसीन रहकर शान से कांग्रेस को हर चुनाव में नुकसान पहुंचा रहे हैं।

बीते लोकसभा चुनाव में अमेठी से सांसद चुने गए किशोरी लाल शर्मा भी राजीव गांधी की कोऑर्डिनेटर टीम की पहली बेच के ट्रेण्ड कार्यकर्ता है। लंबे समय से फ्रंटलाइन से दूर रहकर भी इस समर्पित कोऑर्डिनेटर ने अपने अनुभव का लोहा मनवा लिया है। इधर हरियाणा चुनाव के बाद भी संगठन की समीक्षाओ से लेकर निष्पक्ष राजनीतिक समीक्षकों ने भी कांग्रेस की जीती बाजी हारने का प्रमुख कारण उसके भीतर समाए स्लीपर सेल को ही बताया है। हालात यह हो चुके हैं कि कांग्रेस संगठन में कौन समर्पित, कौन व्यवसायिक सदस्य हैं। यह पहचानना भी मुश्किल होता जा रहा है। इन्हीं कारणों से अब कांग्रेस के पक्षकार समीक्षक यहां तक कहने लगे हैं कि महाराष्ट्र चुनाव में भी हरियाणा की तरह खेला हो जाएगा! शायद इसी वस्तुस्थिति के कारण पुराने समर्पित कोऑर्डिनेटर को तलाश कर समेटे जा रहे है, ताकि संगठन पहले जैसा मजबूत जन आधार पा सके?



# एट लेन एक्सप्रेस वे पर हादसा

## ट्रेवलर पलटने से महिला की मौत, चार घायल

**गुजरात के भरूच से अयोध्या जा रहे थे यात्री**

**मंदसौर, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** दिल्ली-मुंबई एट लेन एक्सप्रेस वे पर रविवार सुबह करीब 7.30 बजे एक ट्रैवलर वाहन पलट गया। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई और 4 लोग गंभीर घायल है। इनमें से दो लोगों को झालावाड़ रेफर किया गया है। सभी लोग गुजरात के भरूच से अयोध्या जा रहे थे। इसी दौरान एक्सप्रेस वे पर गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई।

गरोठ एसडीओपी राजाराम धाकड़ ने बताया गुजरात के भरूच के अंकलेश्वर से 18 लोग ट्रेवलर से उत्तर प्रदेश के अयोध्या धाम जा रहे थे। सुबह के समय शामगढ थाना क्षेत्र के नारियां बुजुर्ग के पास यात्री वाहन पलट गया। हादसा वाहन चालक को नींद की झपकी लगने से हुआ। गाड़ी में 18 लोग सवार थे। दुर्घटना में अहमदाबाद की रहने वाली रंजना पति रिंकेश सोनी उम्र 33 साल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चार घायलों में से रश्मि पति श्रवण सिंह उम्र 43 साल की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। घटना की सूचना के बाद गरोठ थाना प्रभारी मनोज महाजन मौके पर पहुंचे। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र शामगढ़ होने से गरोठ में जीरो पर कायमी की गई है। गंभीर घायलों को राजस्थान के झालावाड़ के बड़े अस्पताल रेफर किया गया।

## मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य व महापौर के विशेष आतिथ्य में

# आयोजित हुआ वैश्विक शिखर सम्मेलन




### सम्मेलन में विधायक रामेश्वर शर्मा व मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह भी मौजूद रहे

भोपाल निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य व महापौर श्रीमती मालती राय के विशेष आतिथ्य में ब्रहमकुमारीज आश्रम में आयोजित वैश्विक शिखर सम्मेलन में आध्यात्मिकता द्वारा स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज के अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महापौर श्रीमती मालती राय की विशेष आतिथ्य एवं विधायक श्री रामेश्वर शर्मा एवं विधानसभा के प्रमुख सचिव श्री अवधेश प्रताप सिंह की उपस्थिति में शनिवार को नीलबड़ स्थित ब्रहमकुमारी सुख शांति भवन में वैश्विक शिखर सम्मेलन-2024 में आध्यात्मिकता द्वारा स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज के अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर ब्रहमकुमारी आश्रम की बहनें व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# कायस्थ समाज के बच्चों के लिए मेहंदी, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन 15 दिसंबर को

## 30 नवंबर तक प्रविष्टि आमंत्रित

भोपाल निप्र। कायस्थ समाज के बच्चों के प्रोत्साहन एवं उनकी प्रतिभा के विकास हेतु कायस्थम संस्था भोपाल आगामी रविवार,15 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से मेहंदी, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करेगी । ये प्रतियोगिताएं ÷कायस्थ समारोह 2025÷ के तहत होंगी। जनवरी में आयोजित ÷कायस्थ समारोह÷ में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कारों का वितरण होगा। तीनों प्रतियोगिता के लिए निर्धारित शुल्क 50 रुपए प्रति प्रतिभागी रहेगा।

### मेहंदी प्रतियोगिता में दो आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे

**पहला वर्ग:** 15 वर्ष से कम आयु वालों का तथा दूसरा वर्ग 15 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिए रहेगा। प्रतियोगिता का समय 1 घंटा रहेगा। प्रतिभागी को मेहंदी का कोन स्वयं लाना होगा। ड्राइंग कॉम्पीटिशन तीन आयु वर्ग के लिए होगा। इनमें 5 वर्ष से 8 वर्ष , 8 वर्ष से 12 वर्ष तथा 13 वर्ष से 18 वर्ष तक के आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता का समय 1 घंटा 30 मिनिट रहेगा तथा ड्राइंग शीट संस्था की ओर से दी जायेगी। प्रतियोगिता में कलर ( वॉटर कलर ) प्रतिभागी को स्वयं लेकर आना होगा। ड्राइंग प्रतियोगिता का विषय - हमारा भोपाल, स्वच्छ भोपाल रहेगा। इसी तरह दो आयु वर्ग के लिए निबंध प्रतियोगिता भी होगी।

**पहला आयु वर्ग :** 10 वर्ष से 15 वर्ष का होगा। जिनके लिए निबंध की शब्द सीमा ( 250 शब्द ) तथा दूसरा आयु वर्ग 15 से 18 वर्ष तक के लिए रहेगा। इस वर्ग में निबंध लेखन के लिए शब्द सीमा ( 350 शब्द ) और समय 1 घंटा का रहेगा। प्रतिभागी को निबंध के लिए कॉपी संस्था की ओर से दी जायेगी। निबंध प्रतियोगिता का विषय - देश का गौरव - कायस्थ समाज रहेगा। निबंध की भाषा हिंदी अथवा अंग्रेजी रहेगी ।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को आवश्यक जानकारी जिसमें उसका एवं माता - पिता का नाम , आधार कार्ड की जानकारी देना होगी। साथ ही स्कूल का आई डी कार्ड की प्रति भी देना होगी। प्रतियोगिता के दौरान मोबाइल फोन वर्जित रहेगा। एक प्रतिभागी एक से अधिक प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेगा। प्रतिभागी को प्रतियोगिता से 30 मिनिट पहले उपस्थित होकर पंजीयन कराना अनिवार्य रहेगा। प्रतिभागी अपनी एंट्री आयोजन स्थल अथवा मोबाइल नंबर 9425438755/ 9479518079/ 9303132273/ 9893813282 के वाट्सएप पर भी दे सकेंगे। प्रतियोगिताएं भोपाल हॉट एवं डीबी मॉल के पीछे स्थित 9 मसाला के उद्यान में होगी प्रतियोगिता संबंधी अन्य जानकारी के लिए उपरोक्त मोबाइल नंबरों पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सव में किया शानदार प्रदर्शन



भोपाल। संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सिव 2024 में वाद विवाद, स्किट एवं वन एक्ट प्ले प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया।

अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सव में एक ओर वाद-विवाद प्रतियोगिता में विषय सामग्री, तर्क तथा प्रस्तुतीकरण प्रभावशाली रहा। वहीं दूसरी ओर स्किट एवं वन एक्ट प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने न केवल अपने अभिनय कौशल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनकी प्रस्तुति ने जजों का दिल जीता, और सभागार में उपस्थित हर व्यक्ति को मंत्र मुग्ध कर दिया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने इस सफलता पर छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि हमारी छात्राओं की कड़ी मेहनत, लगन और हमारे शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। यह जीत न केवल हमारे संस्थान की प्रतिष्ठा बढ़ाती है, बल्कि अन्य छात्राओं को भी प्रेरित करती है।यह सफलता टीम वर्क और रचनात्मकता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। स्किट और वन एक्ट प्ले की थीम समाज में व्याप्त चुनौतियों और उनके समाधान पर आधारित थी, जिसने प्रतियोगिता में एक अलग छाप छोड़ी।संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज कला, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। यह उपलब्धि कॉलेज के इस सफर में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है। विजयी प्रतिभागी आगे जिला स्तॉरीय युवा उत्सऔव में सहभागिता करेंगे। महाविद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता पर सभी प्रतिभागियों और समस्त महाविद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई देकर सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की ।

## नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सभी विद्यार्थियों की बनाई जा रही है अपार आईडी

मंदसौर, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। जिला शिक्षा अधिकारी श्री लोकेंद्र डाबी ने बताया कि, ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री (अपार )भारत के सभी विद्यार्थियों की स्कूलों के माध्यम से बनाई जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संरेखित करते हुए यह पहल केंद्रीय सरकार द्वारा की गई है। वन नेशन वन स्टूडेंट के तहत यह विशेष पहल की जा रही है। अपार आईडी निर्माण के नोडल अधिकारी आनंद डावर सहायक संचालक शिक्षा एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी मंदसौर ने बताया की अपार आईडी बनाने के लिए सभी विद्यार्थियों के पालकों की बैठक आयोजित की गई है तथा उनसे सहमति पत्र भरवारा गया है। अपार आईडी 12 अंकों की होती है इसमें छात्रों के शैक्षिक रिकार्ड, परिपलब्धियां और अन्य जानकारियां होती है। यह आईडी विद्यार्थियों के शैक्षिक इतिहास का एकीकृत डाटाबेस तैयार करती है। इस आईडी का उपयोग विद्यार्थी अन्य राज्यों के बोर्ड में प्रवेश के लिए, उच्च अध्ययन हेतु उच्च अध्ययन के संस्थानों में प्रवेश के लिए उपयोग कर सकेंगे। सभी प्रकार के लाभ के लिए इस आईडी की जरूरत होगी।

# सीआरपीएफ में 403 नवारक्षियों की दीक्षांत एवं शपथ ग्रहण परेड संपन्न

## आईजी सुमन कांत टिग्गा ने भव्य दीक्षांत परेड का निरीक्षण कर सलामी ली






नीमच, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। नवारक्षी प्रशिक्षण केन्द्र प्रथम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल नीमच में 403 नवारक्षियों द्वारा 44 सप्ताह के बुनियादी प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात दीक्षांत एवं शपथ ग्रहण परेड का अयोजन 16 नवंबर को किया गया। मुख्य अतिथि आईजी श्री सुमन कांत टिग्गा ने दीक्षांत परेड की सलामी ली। इस समारोह के मुख्य अतिथि श्री सुमन कान्त टिग्गा, पी.एम.जी., पुलिस महानिरीक्षक, मध्य प्रदेश सेक्टर, केरिपुबल उपस्थित थे। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया तथा सलामी ली। श्री कुलदीप यादव, सहायक कमाण्डेंट ने इस भव्य तथा शानदार परेड को कमान किया, उपस्थित समस्त अतिथिगण, परिवार-जन एवं बच्चों ने तालियां बजाकर परेड का अभिवादन किया। दीक्षांत एवं शपथ ग्रहण परेड में कुल 8 कन्टीनजेंट शामिल थे, जिसका जोश और टर्न आउट उच्च दर्जे का देखने को मिला। शपथ लेकर नवारक्षियों ने स्वयं को सच्चे समर्पण से देश सेवा में समर्पित करने का प्रण लिया।

ब्रिगेडियर अनमोल सूद, वी एस एम , पुलिस उप महानिरीक्षक / प्राचार्य आरटीसी नीमच ने अपने स्वागत भाषण में मुख्य अतिथि तथा आमंत्रित गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। परेड के पश्चात मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले नवारक्षियों को ट्राफी प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि श्री टिग्गा ने अपने संबोधन में देश-सेवा में समर्पित होने जा रहे नवारक्षियों को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परेड समाप्ति के उपरांत आरटीसी की तरफ से विभिन्न प्रदर्शन दिखाए गये जिसमें उनके शारीरिक तथा मानसिक दक्षता को दर्शाया गया। सभी प्रदर्शनों में सटीक तालमेल तथा जोश और उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर श्री एस.एल.सी. खुप, पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र नीमच, श्री राम कृष्ण, पुलिस उप महानिरीक्षक, रेंज मुख्यालय, नीमच, डॉ.पदमा चौधरी, पुलिस उप महानिरीक्षक (चिकित्सा) संयुक्त अस्पताल नीमच, श्री छोटन ठाकुर, कमाण्डेन्ट, नवारक्षी प्रशिक्षण केन्द्र, नीमच व नीमच परिसर के अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण इस कार्यक्रम के साक्षी बने। अंत में परेड का समापन, धन्यवाद ज्ञापन के साथ हआ।

## सीआरपीएफ में बाल दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न



नीमच, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। सी.आर.पी.एफ. कैंपस स्थित क्षेत्रीय परिवार कल्याण संस्था कावा के अन्तर्गत दिनांक 14/11/2024 को बाल दिवस के उपलक्ष्य में परिवार कल्याण केन्द्र परिसर/हॉल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 15 वर्ष तक के बच्चों को उनके कक्षा के अनुसार 04 अलग-अलग ग्रुप जिसमें ग्रुप-01 (कक्षा-नर्सरी,/एलकेजी व यूकेजी), ग्रुप-02 (कक्षा-01, 02 व 03), ग्रुप-03 (कक्षा-04, 05 व 06), ग्रुप-04 (कक्षा-07, 08, 09 व 10) में बॉटकर प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। चित्रकला प्रतियोगिता समाप्ति के उपरांत ग्रुप-01 (कक्षा-नर्सरी,/एलकेजी एवं यूकेजी) से परी, कक्षा-एलकेजी, पुत्री हव0/जीडी सतीष कुमार प्रथम स्थान, ग्रुप-02 (कक्षा-01, 02 व 03) से जयश नेगी, कक्षा-02, पुत्र देविन्द्र सिंह नेगी, उप0कमा0 प्रथम स्थान, ग्रुप-03 (कक्षा-04, 05 व 06) से निलेश पाटील, कक्षा-06, पुत्र हव0/जीडी प्रवीण पाटील, प्रथम स्थान एवं ग्रुप-04 (कक्षा-07, 08, 09 व 10) से अरिन्दम गौराई, कक्षा-07, पुत्र हव0/आर0ओ0 दिलीप गौराई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रत्येक ग्रुप से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को दिनांक 16/11/2024 को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रिबेका एम. सिमटे, अध्यक्षा, क्षेत्रीय परिवार कल्याण केन्द्र, ग्रुप केन्द्र, नीमच द्वारा पुरस्कार वितरण कर सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया गया एवं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। इस मौके पर ग्रुप केन्द्र नीमच की अन्य अधिकारीगण तथा कैम्पस के सभी संस्थानों से सम्मानीय महिलाएं एवं परिवार कल्याण केंद्र की अन्य महिलाएं भी मौजूद रहीं।

## मुख्यमंत्री ने लाला लाजपत राय और विहिप के पूर्व अध्यक्ष सिंघल को पुण्यतिथि पर किया याद

भोपाल निप्र। अपने प्राणों की आहुति देकर देश में स्वाधीनता की अलख जगाने वाले लाला लाजपत राय और राष्ट्र व समाज उत्थान को जीवन का ध्येय मानने वाले मां भारती के तेजस्वी पुत्र अशोक सिंघल की आज रविवार को पुण्यतिथि है। इनकी पुण्यतिथि पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दोनों महान विभूतियों को याद कर विनम्र श्रद्धांजलि दी है।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लाला लाजपत राय को पुण्यतिथि पर नमन करते हुए लिखा ÷देशभक्ति का निर्माण हमेशा न्याय और सत्य की दृढ़ चट्टान पर ही किया जा सकता है÷। स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी योद्धा, मातृभूमि के लिए सर्वस्व समर्पित करने वाले, पंजाब केसरी लाला लाजपत राय जी की पुण्यतिथि पर सादर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। माँ भारती की स्वतंत्रता के लिए कार्य करने वाले देशभक्तों को स्वावलंबन से स्वराज्य का प्रेरणादायी मंत्र देकर आपने राष्ट्रवाद के स्वरों को बुलंद किया; जिसके लिए हम आपके ऋणी रहेंगे। एक अन्य संदेश के माध्यम से सीएम डॉ यादव ने विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंघल को पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए अपने पोस्ट में लिखा श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के लिए समर्पित, विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष, श्रद्धेय अशोक सिंघल जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। सनातन संस्कृति के लिए आपके अप्रतिम कार्य एवं प्रयास युग-युगांतर तक प्रेरणादायी एवं स्मरणीय रहेंगे।

# रतनगढ़ में डाक बंगला से मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी पथ संचलन निकला

## नगरवासियों ने पथ संचलन का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया



नीमच, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। को विश्व हिंदू परिषद प्रखंड रतनगढ़ का मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी पथ संचलन का एकत्रीकरण डाक बंगला में हुआ सर्वप्रथम मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी जिला एवं प्रखंड दायित्ववान कार्यकर्ताओं ने मां भारती सरस्वती मां एवं राम दरबार की तस्वीर पर माल्या अर्पण कर विधि विधान से पूजन किया इसके बाद मातृशक्ति दुर्गावाहनी प्रखंड टोली ने जिला दायित्व वन मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी कार्यकर्ताओं का कुमकुम का तिलक लगाकर स्वागत किया इसके बाद विभाग संयोजिका टीना दीदी शर्मा ने मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी को बौद्धिक में बताया कि सनातन हिंदू धर्म की नारी नारायणी है हर नारी महिषासुर मर्दिनी है हर नारी दुर्गा है हर नारी काली है आसुरी शक्तियों से वह स्वयं अपनी रक्षा कर सकती है केवल उसको अपनी शक्ति को पहचानने की जरूरत है वर्तमान में जिस प्रकार जिहादी वर्तमान में मातृशक्ति दुर्गा वाहिनियों को सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी पहचान छिपाकर उन्हें अपना शिकार बना रहे हैं इससे उनका सचेत रहने की आवश्यकता है हम जात-पात में ना बटकर अपनी एकता का परिचय दें अगर हम जातिवाद में बटेंगे तो घटेंगे यह अपने उद्बोधन बौद्धिक में कहा बौद्धिक के बाद ध्वज प्रणाम और प्रार्थना की गई प्रार्थना के बाद पथ संचलन 2:00 बजे डाक बंगले से प्रारंभ होकर डाक बंगला चौराहा ,नीम की सड़क, मोती बावजी, अग्रवाल सराय ,वर्मा मोहल्ला ,लक्ष्मीनाथ मंदिर ,झंडा चौक, गोवर्धन नाथ मंदिर, तेली चौक ,मिडिल स्कूल, छावनिया चौक ,सोलंकी मोहल्ला ,बोहरा घाटी ,छपरी बंद मोहल्ला, पिपली चौक ,बृजमोहन वैष्णव जी के मकान, श्री राम जानकी मंदिर सुथारों का मंदिर ,सब्जी मंडी ,बस स्टैंड, नगर परिषद रतनगढ़, डाक बंगला चौराहा होते हुए डाक बंगला परिसर में पहुंचा जिसमें जिले के दायित्ववान विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री अनुपाल सिंह झाला विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी विभाग संयोजिका श्रीमती टीना दीदी शर्मा मातृशक्ति जिला संयोजिका माया दीदी दवे दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका पूजा दीदी सोनीगरा प्रखंड रतनगढ़ से दायित्ववान मातृशक्ति संयोजीका प्रखंड रतनगढ- मंजू दीदी व्यास-सह संयोजीका -सुशीला दीदी बैरागी,मातृशक्ति सेवा प्रमुख पिंकी दीदी मूंदड़ा. ,मातृशक्ति सह प्रमुख -माधवी दीदी व्यास,संपत दीदी सोनी प्रखंड टोली उपस्थित रहें विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी पथ संचलन की व्यवस्था में जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सुरेश साहू प्रखंड अध्यक्ष कंवरलाल मीणा प्रखंड सहसंयोजक मुरली बैरागी सहमंत्री रोशन बंजारा विश्व हिंदू परिषद नगर उपाध्यक्ष गोवर्धन लाल चारण नगर मंत्री गोपाल सिंह बना मनोहर लाल सोनी गोपाल टेलर हरीश माली अभिषेक टेलर कमल राठौर रवि वर्मा किशन मेघवाल महेंद्र गाडी लोहार कमलेश अग्रवाल गणेश ग्वाला द्वारा व्यवस्था देखी गई एहतियात के तौर पर पथ संचलन के दौरान रतनगढ़ पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था के लिए मुस्तेद रहा एवं नगर परिषद में चुने की लाइन एवं सफाई व्यवस्था देखी।

# मानुष जन्म अमोललक आहे-स्वामी भगत प्रकाश

## महामण्डलेश्वर भगतप्रकाश महाराज के आगमन पर उमड़ा सिन्धी समाज



मंदसौर, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। भगवान श्री पशुपतिनाथ की पावन धार्मिक नगरी मंदसौर में स्थित श्री सिन्धी हिन्दू सनातन धर्म की प्रमुख धर्मपीठ की शाखा श्री प्रेमप्रकाश आश्रम मन्दसौर का 15वां वार्षिक उत्सव बडे ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। रविवार 17 नवंबर को श्री प्रेम प्रकाश पंथ के पंचम पीठाधीश्वर गादीपति सतगुरू स्वामी भगतप्रकाशजी महाराज का संत मण्डल के संत श्री हरिओमलाल, संत लालुराम, संत ढालुरामजी, संत कमलकुमारजी, भगत हरदासजी, माणकलाल,दिपक कुमार ,पुनीत आदि के साथ नगर में मंगल प्रवेश हुआ। आप श्री की अगवानी संत श्री शंभूलालजी प्रेम प्रकाशी एवं आप संगत ने पुण्य अर्जित कर की।

इस आशय की जानकारी श्री प्रेम प्रकाश सेवा मण्डली के प्रमुख पुरुषोत्तम शिवानी ने देते हुए बताया कि पूज्य सतगुरु स्वामी भगतप्रकाशजी महाराज को शोभायात्रा के रूप में आश्रम पहुंचने पर श्रद्धालु संगत ने बैंड और ढोल की धुन पर नृत्य कर आपश्री को तिलक लगाकर पूजा अर्चना कर आरती की। महामण्डलेश्वर ने मालवा अंचल के विद्वान पंडित श्री उमेश जोशी के आचार्यत्व में आयोजित हवन यज्ञ में पूर्णाहुति देकर आरती कर यज्ञ का समापन किया। इसके उपरांत स्वामी भगतप्रकाशजी महाराज ने श्री प्रेमप्रकाश ध्वजा की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर प्रेमप्रकाश आश्रम पर ध्वजारोहण कर 15वें वार्षिक उत्सव का आगाज किया। इस अविस्मरणीय अवसर पर आपश्री ने झण्डे का प्रिय भजन साईंटेऊँराम तूहजो झण्डो झूले हम गीत सनातन नित ध्वजा धर्म झूलायेगे , सुंदर व मनमोहक भजनों पर श्रद्धालु संगत को भाव विभोर नृत्य किया। श्री प्रेमप्रकाश आश्रम के पीछे खुले प्रांगण में विशाल खण्ड्राम के नाम से बने सत्संग शामियाने में सद्गुरु स्वामी भगतप्रकाशजी महाराज एवं संत मण्डल के श्रीमुख से मधुर और मनमोहक वाणी में उपस्थित संगत पर बर्खा करते हुए कहा कि मानुष जन्म अनमोल आहे, भोग विषय में छजन विनयाये। इन्सान का चोला अनमोल व किमती हैं इसे अनावश्यक भोगों में न गवाइए। मनुष्य पूर्व जन्म की कमाई का भोग अभी करता है ,और इस जन्म की कमाई जो आपको सत्कर्मों से मिलेगी तो संचित धन के रूप में जमा होगी उस कमाई से आपका प्रारब्ध बनेगा। भगवान श्री कृष्ण ने गीता में कहा है, जबसे श्रेष्ठि बनी है तबसे जीव आत्म रही हैं। सत्संग के बाद प्रसादी भण्डारा संगत ने ग्रहण किया। संत मण्डल एवं आप संगत का आभार प्रदर्शन दादी पुष्पा पमनानी,सपना - डॉक्टर सुरेश पमनानी ने प्रकट किया। आज होगा समापन संत श्री शम्भू लालजी प्रेम प्रकाशी ने बतलाया कि सोमवार 18 नवंबर को इस पंच दिवसीय महोत्सव का समापन होगा व श्रीमद् भागवत गीता एवं श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ के पाठों का भोग व संध्या कालीन सत्संग सभा में श्री प्रेम प्रकाश पंथ के द्वितीय पिठाधवेशर सद्गुरु स्वामी सर्वानंद जी महाराज के 128 वे पावन जन्म उत्सव के अंतर्गत के केक प्रसाद द्विप प्रज्वलित कर 56 भोग का नैवेद्य अर्पित किया जाएगा तथा शाम को ही पल्लव पाकर गुरु महाराज इस पांच दिवसीय महोत्सव का समापन करेंगे आप श्री ने सिंधी समाज एवं धर्म प्रेमियों से धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

## प्रेस दिवस पर विशेष.......

# शब्दों की धार और विचारों की आग कभी ठंडी नहीं होना चाहिए

### प्रशंसा, भय और लालच अच्छी और सच्ची पत्रकारिता को खा जाते है

मंदसौर, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। एक संघर्षशील पत्रकार का जीवन का मार्ग सदैव कंटकाकीर्ण रहता है क्योंकि जब वह सिद्धांतों एवं समाज के आदर्शों की रक्षा के लिए लिखता है जब जब वह सत्ता के भ्रष्ट नेताओं और दलालों के विरुद्ध लिखता है तब संसार का सिरमौर पत्रकार बन जाता है किंतु जब सत्ता के गलियारों और उद्योगपतियों के द्वारो से अखबार, पत्रकार और पत्रकारिता के लिए प्रशंसा, भय और लालच के स्वर आने लगते हैं तब पत्रकारिता की तेज धार बोठी होने लगती है और उसके शब्दों की ताकत धीरे- धीरे समाप्त होने लग जाती है क्योंकि इस प्रकार के स्वर अच्छी और स्वच्छ एवं उच्च स्तरीय तथा क्रांतिकारी पत्रकारिता को खा जाते है।




पर पत्रकारिता के जगत में पत्रकारिता के लिए इस प्रकार के आदर्श भी प्रस्तुत किये है गये हैं कि- पत्रकारिता को आसानी से ना तो कोई खा सकता था और ना हीं पचा सकता था क्योंकि उस पत्रकारिता में वह आग होती थी जो भ्रष्टाचार , तानाशाही और अन्याय सभी को भस्म कर सकती थी, किंतु आज के समय में अनेक पत्रकार तथा अखबार, सत्ता और उद्योगपतियों की कृपा अथवा उनके पोषण की छत्रछाया में छपते- पलते एवं चलते हैं इसलिए उनके शब्दों की चिंगारी ठंडी हो जाती है। इसलिए ना वो खुद जल सकती है और ना ही दूसरों को जला सकती है। वैसे तो प्रोत्साहित करना, आत्म सम्मान और आत्मविश्वास पैदा करने वाला होता है लेकिन जब यही तारीफ सत्ता के दलालों की तरफ से आती है तो पत्रकारिता से जुड़े हुए लोगों को उसे हमेशा संदेह की नजर से देखना चाहिए क्योंकि आपने यदि उन्हें महत्त्व दिया तो , ष्आपको क्या लिखना है और क्या नहीं लिखना हैष् वे तय करेंगे तथा इनके द्वारा दी जाने वाली अवांछनीय सलाह और सुविधाएं आप पर धीरे-धीरे हावी होने लगेगी। आप उनके कब गुलाम हो जाएंगे आपको पता ही नहीं चलेगा। देश में जब अंग्रेजों का शासन था तब उनके विरुद्ध बोलना तथा उनके ही खिलाफ छापना साक्षात मृत्यु को निमंत्रण देने जैसा होता था किंतु उस समय के साहसी और सिद्धांतिक विचारों वाले पत्रकार परिणामों की चिंता किए बगैर अपनी बात पूरी दृढता के साथ लिखते थे। उस समय के अनेक पत्रकार रहे हैं जो पत्रकारिता का प्रकाश स्तंभ है और आज भी वे पत्रकारिता का एक आदर्श पैमाना माने जाते हैं। आओ प्रेस दिवस पर संकल्प करें निष्पक्ष तथा साहसी पत्रकारिता को आगे बढ़ाएंगे तथा अच्छे पत्रकारों को स्थापित करेंगे। प्रेस दिवस पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।



रमेशचंद्र चंद्रे, मंदसौर

# संपदा 2.0 में सर्वर का तनाव, रजिस्ट्री में आ रही परेशानी

**मंदसौर, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** बीती 10अक्टूबर को दस्तावेज पंजीयन के लिए संपदा 2.0 लागू किया था। इसके एक सप्ताह बाद जिले में नए सॉफ्टवेयर संपदा 2.0 से पावर ऑफ अटार्नी जैसे दस्तावेज पंजीकृत होने के साथ ई-स्टाम्प निकालने की प्रक्रिया शुरू हो पाई। हालांकि इसमें भी ओटीपी को लेकर परेशानी है। दूसरी तरफ सबसे महत्वपूर्ण संपत्ति खरीद-फरोख्त को लेकर होने वाली रजिस्ट्री एक माह बाद भी नहीं हो पा रही है। सर्विस प्रोवाइडरों का कहना है कि चार बार ओटीपी लेना पड़ती है, उसके बाद भी तय नहीं कि रजिस्ट्री हो जाए, ऐसे में रुपए फंसने का डर है। पुराने सॉफ्टवेयर पर काम हो रहा है। लेकिन, इसमें भी सर्वर दिक्कत दे रहा है।

प्रदेश के साथ मंदसौर जिले में भी संपदा 2.0 लागू होने के बाद संपत्तियों की रजिस्ट्री को छोड़कर अन्य दस्तावेजो का पंजीयन तो हो रहा है। जबकि, पुराने सॉफ्टवेयर पर संपत्तियों की रजिस्ट्री के साथ अन्य दस्तावेज भी पंजीकृत हो रहे हैं। विभाग ज्यादा से ज्यादा दस्तावेज संपदा 2.0 पर करवाने पर जो दे रहा है। सर्विस प्रोवाइडर कर भी यही कर रहे हैं। किन्तु बार-बार ओटोपी लेना और सर्वर में दिक्कत आने से काम गति से नहीं हो पा रहा है। ऐसे में 10 मिनट के काम में 20 से 30 मिनट तक लग रहे हैं।

एक्सपर्ट के अनुसार संपदा 2.0 एक अच्छा सॉफ्टवेयर है। लेकिन, इसमें कई प्रक्रियाओं को जटिल कर दिया, जिनका सरलीकरण होना चाहिए। संपत्तियों की रजिस्ट्री करवाने के लिए क्रेता-विक्रेता आदि से एक-दो नहीं चार-चार बार ओटीपी लेना होता है। कई बार ओटीपी समय पर नहीं आता तो कहीं संबंधित व्यक्ति बाहर होने पर समय पर नहीं दे पाता है। शहरी व्यक्ति तो सब जानता है। लेकिन, ग्रामीण क्षेत्र और सामान्य तबके का व्यक्ति समझ नहीं पाता है। वहीं आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर ही ओटीपी आता है, ऐसे में रजिस्ट्री के दौरान किसी भी एक पक्ष के एक भी व्यक्ति का आधार मोबाइल नंबर से लिंक नहीं है तो दिक्कत आ जाती है। विभाग को चाहिए कि ओटीपी एक या अधिकतम दो बार करें।

## सुबह धुंध, दोपहर में गर्मी से राहत

**मंदसौर, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** उत्तर-पूर्वी हवाओं के कमजोर होने और पहाड़ों में जेटस्ट्रीम चलने की वजह से ठंड का असर बढ गया है। अंचल में रविवार सुबह 8 बजे तक हल्की धुंध छाई रही। अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

मौसम विभाग के अनुसार 20 नवंबर तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। इसके बाद तापमान में 1-2 डिग्री तक की गिरावट आएगी। सुबह ठंड के साथ-साथ कोहरा भी रहेगा और रात के तापमान में भी गिरावट होगी और सुबह ठंड का असर रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम-उत्तर भारत के ऊपर जेटस्ट्रीम हवाएं चल रही हैं। वहीं, दक्षिणी हिस्से में साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम एक्टिव है। जेटस्ट्रीम हवाओं की रफ्तार तेज होने से प्रदेश में इसका असर रहेगा। अभी हवा तो आ रही है, लेकिन उनकी रफ्तार कम है।



# बीएसएनएल:मुख्य महाप्रबंधक द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य महाप्रबन्धक (मध्य प्रदेश दूरसंचार परिमंडल, भोपाल ) श्री राधेश्याम परमार द्वारा मंदसौर प्रचालन क्षेत्र का दौरा किया गया और मंदसौर एवं नीमच क्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने क्षेत्र में संचार सेवाओं के विकास के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं निर्धारित लक्ष्यों को समयपूर्व पूर्ण करने का निर्देश भी दिया। श्री परमार जी ने इड्छड्की नई 4जी सेवाओं के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि मंदसौर प्रचालन क्षेत्र में 4जी के कुल 216 टावर लगाये जाना हैं जिसमें से 117 टॉवर आरंभ हो चुके हैं तथा शेष 99 टावर भी अतिशीघ्र आरंभ हो जायेंगे जिससे इस क्षेत्र में कवरेज कि समस्या लगभग समाप्त हो जाएगी बीएसएनएल द्वारा लगाये जा रहे 4जी टावर पूर्ण स्वदेशी है जिसका उपयोग करते हुए हमें गर्व होना चाहिऐं

आगे उन्होंने बीएसएनएल द्वारा प्रारंभ की गई आधुनिक सेवाएं जैसे:- IFTV, बीएसएनएल वाईफाई रोमिंग एवं विद्या मित्रम की व्यापक जानकारी दी व इनके प्रचार प्रसार करने हेतु प्रोत्साहित किया। आगे उन्होंने बताया कि बीएसएनएल का लक्ष्य है कि हर घर में आधुनिकतम संचार सेवाएं किफायती दामों पर उपलब्ध कराये इसी कड़ी में बीएसएनएल के लैंडलाइन कनेक्शन जो कॉपर केबल पर कार्यरत हैं उन्हें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शन में परिवर्तित किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को तेज गति के इन्टरनेट सुविधा के साथ साथ नवीनतम संचार सुविधा भी प्राप्त हो सकेगी। बीएसएनएल मोबाइल उपभोक्ताओं की 2जी/3जी सिम को भी बिना शुल्क के 4जी सिम से बदला जा रहा है उपभोक्तागण 2जी एवं 3जी सिम को 4ऋसिम में बदलने के लिए बीएसएनएल के ग्राहक सेवा केंद्र , अधिकृत फ्रेंचाइजी या रिटेलर से संपर्क कर सकते हैं परिमंडल मुखिया द्वारा बीएसएनएल फ्रेंचाइजी ,फाइबर पार्टनर तथा कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श कर आवश्यक सुझाव लिए गए। इस अवसर पर मंदसौर एवं नीमच जिले के दूरसंचार प्रबंधक श्री लोकेन्द्र डांगोर सहित सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# परिवर्तन परिपाटी का पालन के साथ ही समय के साथ चलने से आएगा-तिवारी

### श्री भीमाशंकर महादेव मंदिर पर राष्ट्र व सनातन जागरण पर परिचर्चा हुई

**मंदसौर, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** परिपाटी अर्थात जो हमारे रीति रिवाज, जो हमारी परंपराएं जिन्हें सदियों से हम मनाते चले आ रहे हैं, उनके मनाने के पीछे क्या ऐतिहासिक कारण रहे हैं, उनसे हमें आज सीख लेकर वर्तमान समय में समाज व राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए लेकिन बड़े दु:ख का विषय है कि इन सब बातों को पीछे छोड़कर आज हमारी श्रेष्ठ परम्पराएं केवल नाच गाने व शोरगुल के बीच दबकर रह गई है।

उक्त विचार वरिष्ठ समाजसेवी मदन तिवारी ने व्यक्त किए। वे बडी होली, किला रोड स्थित प्राचीन श्री भीमाशंकर महादेव मंदिर पर राष्ट्र व सनातन जागरण अभियान के अंतर्गत अनुराग संस्था व ब्रह्म परिषद के संयुक्त आयोजन 'आत्मबोध' में 'परिपाटी का पालन एवं परिवर्तन की पुकार' विषय पर अपने विचार रख रहे थे। विषय को विस्तार देते हुए श्री तिवारी ने कहा कि हमारे तीज त्यौहार, महापुरुषों के जन्मदिन या बलिदान दिवस, स्वतंत्रता दिवस आदि उत्सव मनाने के पीछे मूल उद्देश्य यह होता है कि हम उस दिन को मनाने के पीछे की भावना को गहराई से जाने और उससे प्रेरणा ग्रहण कर राष्ट्र व समाज निर्माण में योगदान दें। परिचर्चा में अपने विचार रखते हुए ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि परिवर्तन संसार का नियम है यदि हम परिपाटी का पालन करते हुए हम हमारी सनातन संस्कृति व राष्ट्र रक्षा के लिए समय अनुसार परिवर्तित होना होगा। हम केवल नाच गाने के माध्यम से उत्सव मनाते रहे तो हम इतिहास की वस्तु बनकर रह जाएंगे। परिवर्तन हमें पुकार रहा है। इस अवसर पर शिवनारायण जोशी ने कहा कि आपका सनातन, आपकी संस्कृति आपका राष्ट्र बचेगा तभी आप बचोगे। और फिर आप बचोगे तभी आप अपनी परिपाठी का पालन कर पाओगे। इसलिए आप जागरूक बनें और परिवर्तन की पुकार को सुनें। गोपालकृष्ण पंचारिया ने कहा कि परिपाटी का पालन हमें हमारे इतिहास के गौरव को याद दिलाता है किंतु यह भी सत्य है कि आज हम तलवार से लड़कर युद्ध नहीं जीत सकते। हमें धर्म रक्षा के लिए आज की परिस्थितियों के अनुरूप परिवर्तित होना होगा। नारों, उत्सव, जुलूस आदि से एक दिन के लिए जोश का संचार तो हो जाता है किंतु समाज व देश में परिवर्तन लाने के लिए सतत प्रयास जरूरी है। जिस प्रकार से हम वर्ष में एक दिन दिवाली मनाते हैं लेकिन उसके लिए हमें वर्षभर कमाई भी करना पडती है तब हम त्यौहार मना पाते हैं। परिचर्चा का संचालन गोपालकृष्ण पंचारिया ने किया।

# मंदसौर जिले में 4 दिसंबर को होगा राष्ट्रीय उपलब्धि परीक्षण

**मंदसौर, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री लोकेंद्र डाबी ने बताया कि, प्रत्येक 3 साल के बाद स्कूली बच्चों की क्षमता को परखने के लिए तथा उनकी उपलब्धियों का आकलन करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय उपलब्धि परीक्षण एनसीईआरटी के माध्यम से करवाया जाता है। प्रथम बार यह परीक्षण सन 2001 में हुआ था तथा इस बार 4 दिसंबर 2024 को यह परीक्षण होगा। इस प्रशिक्षण में कक्षा 3, 6 तथा 9 में पढने वाले शालाओं के विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षण की पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए स्कूल में ऑब्जर्वर एवं फील्ड इन्वेस्टिगेटर की उपस्थिति में विद्यार्थी परीक्षण टेस्ट में सम्मिलित होंगे।

इस प्रशिक्षण में निजी विद्यालय, स्टेट गवर्नमेंट के विद्यालय, केंद्रीय सरकार के विद्यालय, अनुदान प्राप्त विद्यालय के विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। विद्यालयों का चयन राज्य स्तर से रेंडम पद्धति से किया गया है। इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान ,गणित, सामाजिक विज्ञान विषय के टेस्ट पेपर को ओएमआर शीट पर हल करना होता है। टेस्ट पेपर में बहुविकल्पीय प्रश्नों को सम्मिलित किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में कक्षा तीसरी को संचालित करने वाले 36 विद्यालय, कक्षा छठी को संचालित करने वाले 31 विद्यालय, एवं कक्षा 9 वी को संचालित करने वाले 47 विद्यालयों के विद्यार्थी सम्मिलित किए जाएंगे। श्री आनंद डावर सहायक संचालक एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी मंदसौर ने बताया कि राष्ट्रीय उपलब्धि परीक्षण को सफल बनाने के लिए विद्यार्थियों से राज्य स्तर से प्राप्त मॉक टेस्ट को हल करवाया जा रहा है तथा कठिन अवधारणाओं को शिक्षक गण के द्वारा विद्यार्थियों को स्पष्ट किया जा रहा है। साथ ही ओएमआर शीट पर विद्यार्थियों की प्रैक्टिस भी करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि मॉक टेस्ट के साथ-साथ राज्य स्तर से स्वयं सिद्धी ऐप पर विद्यार्थियों को प्रश्नावली को भेजा जाता है और विद्यार्थी उस प्रश्नावली को अपने शिक्षक के मार्गदर्शन में ऑनलाइन ही हल करते हैं। विगत दिनों मंदसौर विकासखंड के चयनित शालाओं का निरीक्षण भी किया गया तथा वहां के शिक्षक एवं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय उपलब्धि परीक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी गई है।

### अनुसूचितजाति/जनजाति एवं दिव्यांग श्रेणी (समस्त वर्ग) के शोधार्थी...

# पीएचडी शोध छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की आज अंतिम तिथि

**मंदसौर, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 के लिए विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/जनजाति एवं दिव्यांग श्रेणी (सभी वर्ग) के शोधार्थियों को पीएचडी शोध छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इसके अनुसार सत्र 2024-25 के लिए अनुसूचित जाति/जनजाति एवं दिव्यांग (दिव्यांग श्रेणी के सामान्य/पिछडा वर्ग / अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) के शोधार्थी, पीएचडी शोध छात्रवृत्ति के लिए 18 नवंबर 2024 तक आवेदन पत्र जमा कर सकेंगे। उक्त शोधार्थियों को अपना आवेदन पत्र, संस्था/शोध केन्द्र से अग्रेषित कराकर कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, तृतीय तल सतपुडा भवन, भोपाल में 18 नवंबर तक जमा करना/भेजना होगा।इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाईट www.highereducation.mp.gov.in पर नवीन निर्देश के अंतर्गत उपलब्ध है, जो अनुसूचित जाति/जनजाति एवं दिव्यांग (दिव्यांग श्रेणी के सामान्य/पिछडा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) के शोधार्थियों को पीएच.डी. शोध छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने के बावत' शीर्षक पर अंकित है।

# लिपिकवर्गीय कर्मचारी लेखा प्रशिक्षण के लिए 20 तक करें आवेदन

**मंदसौर, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला कोषालय अधिकारी द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश शासन के नियमित लिपिकवर्गीय एवं नगर निगम, नगर परिषदों के लिपिकवर्गीय कर्मचारियों के लिए विभागीय लेखा प्रशिक्षण सत्र एक दिसम्बर 2024 से 15 फरवरी 2025(दस सप्ताह) तक लेखा प्रशिक्षण शाला उज्जैन में आयोजित किया जा रहा है। जिला कोषालय अधिकारी नेहा कलचुरी ने सभी जिला अधिकारियों को उनके अधीनस्थ कार्यालयों में पदस्थ अप्रशिक्षित लिपिकवर्गीय कर्मचारियों के आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में संबंधित कार्यालय प्रमुख के कवरिंग लेटर के साथ सीधे प्राचार्य, लेखा प्रशिक्षण शाला, उज्जैन, रघुवंशम भवन इस्कॉन मंदिर के पास भरतपुरी, उज्जैन(म.प्र.) को प्रेषित करने के निर्देश दिए है।

प्रशिक्षण के लिए पात्रता- लिपिकवर्गीय कर्मचारी की नियमित सेवा अवधि एक वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। सेवा शर्त के अनुक्रम में म.प्र.शासन शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से हिंदी मुद्रलेखन, परीक्षा , एम.पी.एस. ई.डी.सी.से सी.पी.सी. टी.परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यदि विभागीय भर्ती नियमों में हिंदी मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण करने से छूट प्रदान की गई हो, तो तत्संबंधी कार्यालय प्रमुख का प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। मध्यप्रदेश शासन के नियमित लिपिकवर्गीय कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण शुल्क देय नहीं है, जबकि अर्द्धशासकीय , निगम एवं मण्डल कार्यालयों में पदस्थ नियमित पात्र कर्मचारियों को प्रशिक्षण हेतु नामांकित होने पर राशि रूपये 2000/- प्रशिक्षण शुल्क लेखाशीर्ष 0070-60-800-0000 अन्य प्राप्तियाँ में जमा करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र 20 नवम्बर 2024 को शाम 5 बजे तक प्राप्त हो जाना चाहिए। प्रस्तावित प्रशिक्षण सत्र में क्षमता से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर शासकीय विभाग के लिपीकीय सेवकों को प्राथमिकता दी जाएगी। तत्पश्चात निगम, मण्डल के कर्मचारियों को आवेदन पत्र प्राप्ति की वरियता अनुसार (प्रथम आओं प्रथम पाओं के सिद्धांत पर) आवेदन स्वीकार किये जावेंगे एवं शेष आवेदकों को आमागी सत्र में प्राथिमक्ता दी जावेगी। लेखा प्रशिक्षण शाला में प्रवेश एवं परीक्षा तथा अग्रिम वेतनवृद्धि के संबंध में शासन द्वारा समय-समय पर जारी नियम, निर्देश मान्य होंगे।

## दशपुर जागृति संगठन महारानी लक्ष्मीबाई जयंती कल मनाएगा



**मंदसौर, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** क्रांतिकारियों के लिये समर्पित, देशभक्त संगठन दशपुर जागृति संगठन 19 नवम्बर मंगलवार को प्रात: 9.30 बजे महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती प्रतिमा स्थल संजीत नाका पर मनाएगा। संगठन के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र पुराणिक की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया है कि इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों से लोहा लेने वाली महारानी लक्ष्मीबाई की तरह महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली नारी शक्ति का सम्मान किया जावेगा। जिसमें समाज और बच्चों को दिशा निर्देश देने वाली सेवा में समर्पित छ: सशक्त महिलाओं का सम्मान किया जावेगा। मन्दसौर शहर की जनता तथा संगठन के सभी सदस्यों से आग्रह है कि उक्त दिनांक को प्रतिमा स्थल पर समय से उपस्थित हो। इस अवसर पर श्री हरिशंकर शर्मा, श्री बी.एस. सिसौदिया, श्री आर.सी. पाण्डे, श्री जितेन्द्र जैन उपस्थित थे। यह जानकारी बैठक में उपस्थित संयोजक श्री सत्येन्द्रसिंह सोम ने दी।

### विद्यार्थी हितार्थ योजनाओं के क्रियान्वयन में मंदसौर जिला प्रथम स्थान पर...

# 99 प्रति. प्रोफाइल अपडेशन एवं छात्रवृत्ति की स्वीकृति का कार्य पूर्ण

**मंदसौर, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री लोकेंद्र डाबी ने बताया कि, विद्यार्थियों के हितार्थ अनेक कल्याणकारी योजनाएं स्कूल शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रारंभ की गई है। जिनमें छात्रवृत्ति की स्वीकृति का कार्य महत्वपूर्ण होता है। समय पर विद्यार्थी को छात्रवृत्ति मिल जाने पर छात्रवृत्ति की धनराशि का उपयोग विद्यार्थी अपनी पढ़ाई के लिए करते हैं। समय पर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति मिल जाए इसके लिए विद्यालय में नामांकित सभी विद्यार्थियों की प्रोफाइल को यू डाइस के माध्यम से अपडेट करना होता है तथा उसके उपरांत छात्रवृत्ति की स्वीकृति की जाती है। प्रोफाइल अपडेशन तथा छात्रवृत्ति की स्वीकृति के संबंध में मध्य प्रदेश के 52 जिलों की प्रगति रिपोर्ट आयुक्त महोदय लोक शिक्षण मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा जारी की गई है। जिसके अनुसार 99 प्रतिशत विद्यार्थियों का कार्य पूर्ण कर मंदसौर जिला प्रथम स्थान पर रहा है।

सत्र 2024-25 में विद्यालयों में कुल नामांकन 2,23,714 विद्यार्थियों का हुआ है। जिनमें से 2,20,929 विद्यार्थियों की प्रोफाइल को विद्यालयों के माध्यम से अपडेट किया गया है। इन विद्यार्थियों में से 1,13,028 विद्यार्थी विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में पात्र पाए गए जिनमें से 1,11,773 विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति की स्वीकृति की कार्यवाही संकुल के माध्यम से की गई है। इस प्रकार 99 प्रतिशत विद्यार्थियों की प्रोफाइल अपडेशन और छात्रवृत्ति की स्वीकृति का कार्य पूर्ण किया गया है। शेष एक प्रतिशत विद्यार्थियों की प्रोफाइल अपडेशन और छात्रवृत्ति की स्वीकृति की कार्यवाही निरंतर प्रचलन में है तथा नवंबर माह में ही इस कार्य को पूर्ण कर शत प्रतिशत प्रोफाइल अपडेशन और छात्रवृत्ति की स्वीकृति की जाएगी। इसके लिए सभी संस्था प्रधान एवं संकुल प्राचार्य को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## शराब के नशे में पीटा

**पिपलियामंडी, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शराब के नशे में मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया। जोगणी निवासी राजाराम पिता पन्नालाल बावरी ने मल्हारगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि गांव का कंवरलाल पिता कंवरलाल बावरी ने शराब के नशे में गाली-गलौज की मना किया तो पत्थर से सिर पर मारी, जिससे चोंट आई। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया।

# उद्यानिकी महाविद्यालय के छात्रों ने वीएनआर अमरूद की प्रजाति की गुणवत्ता और ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग के बारे में सीखा

**मंदसौर, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ ए के शुक्ला के निर्देशानुसार एवं उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर के अधिष्ठाता डॉ आई एस तोमर के मार्गदर्शन में उद्यानिकी महाविद्यालय के रावे के चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने वीएनआर अमरूद की प्रजाति की पैकेजिंग एवं मार्केटिंग के बारे में सीखा।**



रावे प्रभारी डॉ एच पी सिंह ने बताया कि रावे छात्रों ने गांव रियावन के उन्नतशील कृषक अरविंद धाकड के उद्यानिकी फार्म पर अमरूद की वीएनआर प्रजाति की गुणवत्ता और आकर के आधार पर ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग के बारे में सीखा। फलों को कागज में लपेटने के साथ पालीथीन में इस प्रकार से पैक करते हैं जिससे फलों को उचित हवा एवं प्रकाश मिल सके तदोपरांत इनको विपणन हेतु दिल्ली एवं बड़े शहरों में भेज दिया जाता है, वीएनआर प्रजाति की उपज और फलों का आकार अन्य प्रजातियों के मुकाबले अधिक होता है जिससे कृषकों को अच्छा आर्थिक लाभ मिलता है। महाविद्यालय के 27 छात्रों को रावे योजनांतर्गत चार माह के लिए कृषि विज्ञान केंद्र कालूखेडा में भेजा गया है जिनकी देखरेख में छात्र कृषकों के फार्म पर उद्यानिकी फसलों के बारे में प्रयोगात्मक ज्ञान अर्जित कर रहे हैं।

## महिला को पीटा, केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शराब के नशे में महिला को पीटा। पुलिस ने केस दर्ज किया। रायसिंह पिपलिया निवासी कारीबाई पति स्व. भेरुलाल मेघवाल ने नाहरगढ थाने पर दर्ज कराई कि मैं गेंहू पिसाने जा रही थी, इस दौरान गांव का परमेश्वर पिता डालूराम मेघवाल शराब के नशे में सड़क पर परिवार के लोगों से झगड़ा कर रहा था। मैं साइड में खडी हो गई तो मेरे साथ भी गाली-गलौज करने लगा व मेरे साथ मारपीट की, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने आरोपी परमेश्वर पर केस दर्ज किया।

## गणेश के दिमाग ने तैयार की...

पेज 1 से जारी

की थी। मीणा ने जो एफआईआर दर्ज कराई थी, उसके मुताबिक गणेश के साथी पप्पू बंजारा, बंटी और शांति लाल उसे राजस्थान के निंबाहेड़ा ले गए। उन्होंने कहा कि वहां बैंक में सेविंग अकाउंट खुलवाएंगे। वहां पंजाब नेशनल बैंक में खाता खुलवाया। खाते की पासबुक और एटीएम कार्ड उन्होंने खुद के पास रख लिया। इसके बाद 2 अप्रैल 2022 को एक और खाता राजस्थान के एक्सिस बैंक में खुलवाया। दोनों खाते खुलवाने के एवज में उन्होंने 2 हजार रुपए दिए थे। मीणा की एफआईआर के मुताबिक कंपनी ठगी का पैसा मीणा के अकाउंट में ट्रांसफर करती थी। मीणा ने ये भी बताया कि वह अकेला नहीं है, ऐसे कई लोगों के कंपनी ने बैंक खाते खुलवाए थे। इससे पहले गांव पहुंची महाराष्ट्र पुलिस ने गणेश की गिरफ्तारी भी की थी। बाद में वह जमानत पर बाहर आ गया था। वह इसी तरह जयपुर में भी एक व्यक्ति के साथ धोखा कर चुका है।

## शिकायतों के निराकरण के लिए पुलिस थाना स्तर पर संयुक्त शिविर आज

**नीमच, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार सीएम हेल्प लाईन में दर्ज विभिन्न विभागों की शिकायतों के आपसी समन्वय से निराकरण के लिए जिले में सभी पुलिस थानास्तर पर आज 18 नवम्बर 2024 को प्रात 11 बजे से पुलिस विभाग , नगर पालिका/नगरीय निकाय एवं राजस्व विभाग से सम्बजधित शिकायतों के निराकरण के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे है।

इस शिविर मे पुलिस,राजस्व एवं नगर पालिका के अधिकारी आपसी समन्वय से सम्बधित शिकायतकर्ताओं को सूचित कर , शिकायतों का संतुष्टी के साथ निराकरण सुनिश्चित करेगे। कलेक्टर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) को इस शिविर आयोजन के लिए नोडल एवं पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिविर में निराकृत शिकायतों का प्रतिवेदन इसी दिन शाम 6 बजे तक कलेक्टर कार्यालय नीमच को प्रस्तुत किया जाएगा।

# स्मृति चिन्ह देकर, मेडल पहनाकर किया सम्मान

**मंदसौर, 17 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मोरखेड़ा जाबालि (बांछड़ा) समाज के 20 प्रतिभावान छात्रों का स्मृति चिन्ह देकर एवं मेडल पहनाकर सांसद सुधीर गुप्ता एव रवि प्रताप सिंह बुंदेला ने किया सम्मान। इस अवसर पर बोलते हुए सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि देश के गौरवशाली इतिहास की रक्षा एवं आजादी के लिए अपने प्राणों की बलिदान देने वाले समाज को अंग्रेजों ने षडयंत्र पूर्वक 1871 मे क्रिमिनल ट्राइब एक्ट बनाकर 200 से अधिक जातियों को अपराधी घोषित कर दिया था। भारतीय समाज इन जातियों की ऋणी है जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दिया है। आजादी के बाद भारत सरकार ने उस कानून को तो रद्द कर दिया लेकिन घुमंतू, अर्ध घुमंतु समाज को अभी तक मुख्य धारा में लाने का लक्ष्य पूर्ण नहीं हुआ है। इसलिए हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उन्होंने मंदसौर संसदीय क्षेत्र का पहला प्रवासी घुमंतू समाज के लिए संस्कार केंद्र निर्माण के लिए 200000 की घोषणा भी की।



इस अवसर पर बोलते हुए प्रवासी समुदाय घुमंतू कार्य मालवा प्रांत के प्रांत प्रमुख श्री रवि प्रताप सिंह बुंदेला ने कहा की प्रतिभाएं जाति और रंग देखकर नहीं जन्म लेती। इस समाज में कई प्रतिभावान बच्चे हैं जो अलग-अलग क्षेत्र में कला साहित्य और अन्य कार्य में पारंगत है उन्हें उचित सम्मान देने की आवश्यकता है। बस्ती के पालक देवीलाल सुनार्थी ने बताया कि मोरखेड़ा गांव में सरकारी स्कूल बंद होने के बाद हमने घर-घर संपर्क करके इस बस्ती और गांव के 75 से अधिक बच्चों का शासकीय स्कूल में नामांकन करवाया। यह समुदाय सरकार व समाज के द्वारा तिरस्कृत होकर समाज की मुख्यधारा से काफी दूर है। आजादी के इतने वर्षों र्बाद तक भी उचित सम्मान नहीं प्राप्त कर पाया है इसके लिए बहुत प्रयास की आवश्यकता है। इस अवसर पर बस्ती के बच्चों को ड्रेस एवं स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम में जनपद सदस्य पुष्कर शर्मा,ग्राम पंचायत बागिया के सरपंच लक्ष्मी नारायण मीणा एवं सचिव सुभाष शर्मा,जनपद शिक्षा केंद्र मंदसौर से बीआरसी पंकज गहलोत, संकुल प्राचार्य धुंधडका गोविंद राम सुहेल,मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के पूर्व प्रांत उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, सेवानिवृत शिक्षक अशोक जी डबकरा,स्वास्थ्य केंद्र धुंधडका से विक्की चौहान, राधेश्याम लोहार सीतामऊ, एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय फतेहगढ से माधुरी जोशी, सुमित्रा नीमा,स्वाति वर्मा,पूर्णिमा मुंद्रा,अंजली सोनी,निशा सोनी उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण लोकेश चौहान ने दिया, संचालन देवीलाल सुनार्थी ने किया एवं आभार जनपद सदस्य पुष्कर शर्मा ने माना।

आवश्यकता है
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
(मंदसौर निवासी ही सम्पर्क करें)
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928. 8319964648

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in